गिर गाय का दूध बिक रहा है 80 से 120 रुपए लीटर

उस्मानाबाद 12 नवम्बर (ए)। महाराष्ट्र में गिर गाय का जादू छा रहा है। एक गाय की कीमत एक लाख से डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। गिर के दूध को 80 से 120 रुपए लीटर का भाव मिल रहा है। यहां तक कि इसका गोमूत्र 20 रुपए लीटर में बेचा जा रहा। उस्मानाबाद निवासी सुधीर पाटिल के पास 50 गिर गाय हैं। पाटिल ने बताया कि संकरित गाय की तुलना में गिर को संभालना सस्ता है। इस पर खर्चा कम आता है। इसका दूध उस्मानाबाद शहर में 70 से 80 रुपए लीटर के भाव में बिक रहा है। एक गिर गाय दिन में 10 से 14 लीटर दूध देती है। मेरे पास और 500 लीटर की मांग है। आम गाय के दूध का भाव 35 रुपए और भैंस के दूध का 45 रुपए लीटर है। विगत साल से गुजरात में गिर गाय की खोज में हूं, लेकिन गाय नहीं मिल रही है। सांगली जिले के आटपाडी के बापू दबडे मुंबई में गिर गाय का दूध सप्लाय करते हैं। वे बताते हैं मुंबई में इस दूध को 115 रुपए लीटर का भाव मिल रहा है। पुणे,सांगली, नाशिक, कोल्हापुर, लातूर से भी इस दूध के लिए मांग रही है। लेकिन गाय कम होने के कारण मांग पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इधर उस्मानाबाद निवासी रवि शितोले ने 5 मित्रों के साथ 50 गिर गाय की डेयरी शुरू की है। वे बताते हैं, गिर को रोज 100 से 120 रु. का चारा लगता है। अन्य संकर गाय, भैंस की तुलना में खर्चा 50त्न कम है।

स्टूडेंट्स 5 साल सर्टिफिकेट में करवा सकेंगे करेक्शन, पहले मिलता था 1 साल का समय

जालंधर 12 नवम्बर (ए)। सीबीएसई से 10वीं या 12वीं करने वाले स्टूडेंट्स अगर रिजल्ट सर्टिफिकेट में लिखे अपने नाम, पेरेंट्स के नाम या फिर डेट ऑफ बर्थ में करेक्शन करवाना चाहते हैं तो अब से उन्हें पांच साल का समय मिलेगा। पहले बोर्ड सर्टिफिकेट में तीनों चीजों में करेक्शन के लिए स्टूडेंट के एग्जाम रिजल्ट डेक्लारेशन के बाद से सिर्फ एक ही साल का समय देती थी। अगर 10वीं या 12वीं का रिजल्ट घोषित होने के एक साल के बाद स्टूडेंट्स को करेक्शन करवाना होता उन्हें सिविल कोर्ट जाना पड़ता था। कोर्ट में स्टूडेंट्स को करेक्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता। लेकिन अब बोर्ड स्टूडेंट्स को एग्जाम रिजल्ट डेक्लारेशन के पांच साल बाद तक भी अपने नाम, माता-पिता के नाम और बर्थ डेट में करेक्शन का विकल्प देगा। यही नहीं साल 2015 सेशन में जो स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं में पास हुए उन्हें भी करेक्शन का एक और मौका इसी नए नियम के तहत मिल रहा है। वे सारे स्टूडेंट्स जिनके यह मामले कोर्ट में लंबित हैं वे भी सीबीएसई को करेक्शन के लिए फ्रैश एप्लीकेशन भेज सकते है, यानी नए नियम के मुताबिक मिले रिवाइज्ड लिमिटेशन का फायदा कोर्ट में गए स्टूडेंट्स को भी मिलेगा और उन स्टूडेंट्स को भी जिनकी एप्लीकेशंस पहले से सीबीएसई हैडक्वार्टर और सीबीएसई रीजनल ऑफिसों में पहुंची हुई हैं। सीबीएसई इस नए नियम के तहत ज्यादा से ज्यादा स्टूडेंट्स को फायदा देना चाहता है। यह जानकारी सीबीएसई कंट्रोलर एग्जामिनेशन केके चौधरी ने स्कूलों को चिट्ठी जारी करके दी है। मालूम हो कि इससे पहले बोर्ड ने साल 2015 में ऐसी ही चिट्ठी जारी कर स्टूडेंट्स को करेक्शन के लिए एक साल का समय दिया था, बोर्ड के मुताबिक उसी नियम में संशोधन करते हुए टाइम पीरियड बढ़ाकर 5 साल किया गया है।

चलती बस में लगी आग, एक महिला और बच्ची जिंदा जले, जलकर बस हुई कबाड़

बालोतरा 12 नवम्बर (ए)। बाड़मेर के बालोतरा में चलती बस में आग लग गई जिससे एक महिला और उसकी बेटी की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई। आग का काफी देर में पता चला, हालांकि ड्राइवर ने बस रोककर बाकी यात्रियों को बाहर निकाल लिया। आग से बस जलकर खाक हो गई। बाड़मेर डिपो की स्लीपर बस जयपुर से बाड़मेर जा रही थी। बस में 10 यात्री सवार थे। बस बालोतरा में रुकी थी। बालोतरा से बस बाड़मेर की ओर रवाना हुई। बालोतरा-बागुंडी हाइवे पर खेड़ के पास बस में आग लग गई। बस काफी देर से लगी थी। हादसे के समय यात्री सो रहे थे। आग से बस में धुआं भर गया। जब यात्रियों की आंख खुली तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग का पता चलते ही ड्राइवर ने बस रोक दी। यात्री भागकर बस से उतर गए, लेकिन एक महिला और उसकी बेटी बस में ही फंस गए। तब तक आग बस के भीतर लग गई थी और धुएं से दोनों बेहोश हो गईं। सेकंडों में ही दोनों जल गए। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई और धू-धू कर जलने लगी। ड्राइवर व यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी। वहां से गुजरने वाले वाहन चालक भी रुक गए। दोनों तरह लंबा जाम लग गया। पुलिस की सूचना पर थोड़ी ही देर में दो दमकल वहां पहुंच गईं। हालांकि आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी इसलिए एक और दमकल को बुलाया गया। तीन दमकलों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। तब तक बस पूरी जल चुकी थी।

आईएस को खत्म करने के लिए अमेरिका, रूस सहमत

सिंगापुर 12 नवम्बर (ए)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सीरिया में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) को खत्म करने पर सहमति जताई है। पुतिन और ट्रंप ने वियतनाम में एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन के मौके पर शनिवार को एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दोनों नेता सीरिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं और वहां संघर्ष कर रही पार्टियों से जेनेवा राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान करते हैं। इसके अलावा दोनों नेताओं ने आईएस के खात्मे की आवश्यकता को भी दोहराया। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार दोनों नेताओं ने कहा कि सीरिया में संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने आगामी महीनों में सीरिया को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से योगदान बढ़ाने का अनुरोध किया है।

जर्मनी में पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन

बर्लिन 12 नवम्बर (ए)। पाकिस्तान के अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ जर्मनी में विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। रविवार को हैनोवर में बलोच नेशनल मूवमेंट (बीएनएएम) ने पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर प्रदर्शन किया। बलोच महिलाओं, बच्चों और छात्रों के अपहरण को लेकर वे आक्रोशित नजर आए। उधर, बलोच ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन (बीएचआरओ) बर्लिन में एक जागरूकता अभियान चला रहा है, जिसका मकसद बलूचिस्तान में मानवाधिकार उल्लंघनों के बारे में लोगों को बताना और बीएचआरओ के इनफॉर्मेशन सेक्रेटरी नवाज अत्ता व अन्य छात्रों की सुरक्षित रिहाई की मांग करना है, जिनका कथित रूप से पाक सुरक्षा बलों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। गौरतलब है कि बलोच समुदाय के लोगों के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर दुनियाभर में आए दिन विरोध-प्रदर्शन होते रहते हैं। स्थानीय लोग पाक सेना की क्रूरता से खौफ की जिंदगी जीने को मजबूर हैं।

दिल्ली : एयर पॉल्यूशन 12 घंटे में दोगुना हुआ, धुंध के चलते 63 ट्रेनों पर असर

नई दिल्ली 12 नवम्बर (ए)। दिल्ली में एयर पॉल्यूशन लेवल फिर इमरजेंसी लेवल पर पहुंच गया। शनिवार शाम से रविवार सुबह तक हारिकारक कणों (पीएम 2.5 और पीएम 10 पार्लिकल्स) का लेवल दोगुना बढ़ गया। राजधानी में रविवार सुबह स्मॉग की वजह से विजिविलिटी काफी कम रही। दिल्ली समेत नॉर्थ इंडिया में छाई धुंध से 63 ट्रेनों पर असर पड़ा है। दिल्ली आने वाली 34 ट्रेनें लेट और 8 कैंसल हुईं, जबकि 21 को रि-शेड्यूल किया गया है। एनसीआर के नोएडा में भी पॉल्यूशन के हालात बदतर हो चुके हैं। बता दें कि पिछले एक हफ्ते से देश की राजधानी जहरीले स्मॉग की चपेट में है। हेल्थ इमरजेंसी डिक्लेयर करने के बाद एडमिनिस्ट्रेशन ने कंस्ट्रक्शन बैन जैसे कुछ उपायों पर अमल किया। हालांकि, सोमवार से ऑड-ईवन फार्मूला लागू नहीं होगा। एनजीटी की दो शर्तों पर दिल्ली सरकार को एतराज है और उसने फैसला रद्द कर दिया है।

दिल्ली में 12 घंटे में कैसे बढ़ा पॉल्यूशन लेवल

सेंट्रल एयर मॉनिटरिंग एजेंसी के मुताबिक, रविवार को दिल्ली के लोधी रोड और एनसीआर के नोएडा में हानिकारक पार्टिकल्स सीवियर लेवल तक पहुंच चुका है। लोधी रोड पर पीएम10 लेवल- 560 (इमरजेंसी लिमिट- 300) और पीएम 2.5 लेवल- 625 (इमरजेंसी लिमिट- 500) रिकॉर्ड हुआ। जबकि नोएडा में पीएम10 लेवल 551 और पीएम 2.5 लेवल 541 रहा। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, शनिवार शाम 5 बजे तक दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 500 के लेवल पर 403 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शुक्रवार को इसका लेवल 468 था।

फिर पॉल्यूशन बढ़ने की क्या वजह है

सेंट्रल एयर मॉनिटरिंग एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुफरान बेग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के वातावरण में हानिकारक धूल के कण (पॉल्यूटेंट) मौजूद हैं। जो शाम होते-होते अचानक नीचे आ गए। फिलहाल ये कण वातावरण की अपर लेयर में नहीं जा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते जैसे हालात नहीं बनेंगे, क्योंकि एयर क्वालिटी को खराब करने वाला कोई नया पॉल्यूटेंट जैसे- पराली का धुआं और धूल के कण वातावरण में नहीं आ रहे हैं, लेकिन हालात सुधरने में करीब 1 से 2 दिन की देरी होगी।

गुफरान बेग ने कहा, मिनिमम और मैक्सिमम टेम्परेचर में कमी आने से पाल्यूटेंट की बाउंड्री लेयर शाम 5 बजे घटकर 50 मीटर हो गई, जो सुबह 11 बजे 1600 मीटर थी। नहीं तो पिछले एक दिन से एयर क्वालिटी के आंकड़ों में सुधार आ रहा था। राजधानी में एयर क्वालिटी सीवियर लेवल से भी बदतर हो चुकी है। हालांकि, पिछले दिनों ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत लागू हुए उपायों के बाद पॉल्यूशन लेवल 15-20त्न सुधर गया था।

बदतर एयर क्वालिटी से किन्हें ज्यादा खतरा

मेडिकल एक्सपर्ट्स की मानें तो एयर क्वालिटी का खराब लेवल लोगों में सांस से जुड़ी लंबी बीमारियों का कारण बन सकता है। सांस और दिल के मरीजों पर इसका गंभीर असर होता है, वहीं सेहतमंद लोगों के लिए भी खतरनाक है।

अरुणाचल पर किसी दूसरे के रुख को लेकर चिंतित नहीं : सीतारमण

अहमदाबाद 12 नवम्बर (ए)। रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने अरुणाचल प्रदेश की उनकी यात्रा पर चीन की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर राज्य भारतीय क्षेत्र है और इस पर किसी दूसरे के विचार से देश को कोई चिंता नहीं है। सीतारमण ने शनिवार और रविवार को इस सीमाई राज्य की पहली यात्रा की थी जिस पर चीन ने आपत्ति जताते हुए कहा था कि ''विवादित क्षेत्र'' की उनकी यात्रा क्षेत्र की शांति के लिए ठीक नहीं है। इस पर भारत ने चीन की आपत्ति को खारिज करते हुए जोर दिया कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। अरुणाचल प्रदेश की यात्रा पर चीन की आपत्ति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' क्या समस्या है कोई समस्या नहीं है। वह हमारा क्षेत्र है, हम वहां जाएंगे।'' गुजरात में होने वाले चुनाव के सिलसिले में भाजपा के लिए प्रचार कर रहीं निर्मला ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस पर हम किसी दूसरे की राय से चिंतित नहीं है।'' रक्षा मंत्री ने रक्षा तैयारियों का जायजा लेने के लिए चीन की सीमा से लगे अनजा जिले में अग्रिम सीमा चौकियों का दौरा किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या तिब्बत के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को शरण देना ही भारत और चीन के बीच तनाव पूर्ण संबंध का कारण है, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, ''एक मुद्दा किसी संबंध को बना और बिगाड़ नहीं सकता।

लालू का ट्वीट वार, नीतीश ने लगाई बिहार में घोटालों की भारी सेल

पटना 12 नवम्बर (ए)। बिहार में उजागर हो रहे घोटालों के कारण विरोधी पार्टियां लगातार मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करती हुई नजर आ रहीं हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव नीतीश कुमार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने ट्वीट करते हुए नीतीश पर आरोप लगाया है कि नीतीश ने बिहार में घोटालों की सेल लगा रखी है। नीतीश यह मानते हैं कि एक घोटाला करने पर उन्हें तीन घोटाले करने की छूट है। लालू ने नीतीश पर सवालिया अंदाज में तंज कसते हुए कहा कि क्या आज तक नीतीश ने किसी छोटे कर्मचारी को छोड़कर किसी बड़ी मछली पर कोई कार्रवाई की है। नीतीश ने बिहार में घोटालों की भारी सेल लगाई हुई है। एक घोटाला करने पर तीन घोटाले करने की छूट है। क्या आजतक नीतीश ने किसी छोटे कर्मचारी को छोड़कर किसी बड़ी मछली पर कोई कार्यवाही की है बता दें कि बिहार में महागठबंधन टूटने के बाद से लगातार सत्तापक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाने का सिलसिला जारी है।

टीवी पर एड देख मंगवाया मोबाइल, पार्सल खोला तो निकला चाट मसाला

हाजीपुर 12 नवम्बर (ए)। हाजीपुर के एक युवक ने टेलीविजन पर एक विज्ञापन देखकर एक मोबाइल 3900 रुपए में मंगवाया था। शनिवार को मोबाइल का पार्सल उसके पास पहुंचा तो उसमें से मोबाइल की जगह फ्रूट चाट मसाला निकला जिसे देखकर वो हैरान हो गया। पैकेट के बाहर कैश ऑन डिलिवरी 3900 रुपए लिखा हुआ था। हाजीपुर की बरड़ा कालोनी के रहने वाले अमन कुमार पुत्र राजिन्द्र कुमार ने बताया कि उसने करीब 15 दिन पहले टेलीविजन पर टेली शॉप का एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन देख कर वहां दिए नंबर पर फोन करके उसने एक मोबाइल बुक करवाया। इसकी कीमत 3900 रुपए थी। मोबाइल का पार्सल उसे शनिवार को भारतीय डाक विभाग द्वारा प्राप्त हुआ, जिसे उसने 3900 रुपए देकर छुड़वा लिया। अमन ने बताया कि जब उसने पार्सल खोला तो उसमें से महज 20 रुपए का चाट मसाला निकला। अमन ने बताया कि उस पार्सल पर आरके टेली शॉपिंग मकान नं. 40 मंगोलपुरी, दिल्ली का पता अंकित था। युवक और उसके पारिवारिक मेंबरों ने धोखाधड़ी करने वाली कंपनियों के खिलाफ पुलिस प्रशान से कार्रवाई करने की मांग की है।

विकास के लिए अहिंसा और संवाद जरुरी– वेंकैया

नयी दिल्ली 12 नवंबर ;वार्ताद्ध उप राष्ट्रपति एमण् वेंकैया नायडू ने समाज में शांति और सदभावना की स्थापना के लिए संवाद और अहिंसा पर बल देते हुए आज कहा कि बिना इन मूल्यों के देश का विकास संभव नहीं है।

श्री नायडू ने यहां रूअहिंसा विश्व भारतीष् के 12 वें स्थापना दिवस के अवसर राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अहिंसा दिवस समारोह का आयोजन इसीलिए महत्वपूर्ण है कि अहिंसा के अभाव में समाज में शांति और सद्भावना नहीं हो सकती। विकास के लिए समाज में शांति और सद्भावनापूर्ण वातावरण की जरूरत होती है। इस अवसर पर अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक डाण् लोकेश मुनिए इंडिया टीवी के प्रमुख रजत शर्मा और वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की प्रमुख किरण चोपड़ा भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि अहिंसा दिवस इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हिंसा से किसी समस्या का समाधान नहीं होता है। हिंसा प्रतिहिंसा को जन्म देती है। संवादए वार्ता तथा अहिंसात्मक शैली से हर समस्या को सुलझाया जा सकता है। यही कारण है कि पिछले दिनों सरकार ने कश्मीर में शांति और अमन के लिए संवाद को माध्यम बनाने की घोषणा की है।

श्री नायडू ने कहा कि देश में महावीर और बुद्ध जैसे अनेक महापुरुषों ने अहिंसा पर बहुत बल दिया। महात्मा गांधी ने अहिंसा के अस्त्र से भारत को आजाद कराया था। अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है। अहिंसा ही वह मार्ग है जिस पर चलकर स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है।

सऊदी अरबः भ्रष्टाचार मामले में लादेन का भाई बकर बिन लादेन भी गिरफ्तार

रियाद 12 नवम्बर (ए) सऊदी अरब में इस हफ्ते भ्रष्टाचार के मामले में कुछ बड़ी गिरफ्तारियां की गई हैं। इनमें सऊदी अरब के कई बड़े उद्योगपतियों, राजकुमारों और वरिष्ठ अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

इन नामों में एक बड़ा नाम ओसामा बिन लादेन के भाई बकर बिन लादेन का भी है। इस गिरफ्तारी के बाद पिछले एक दशक से चले आ रहे बिन लादेन ग्रुप और सत्तारुढ़ अल सऊद के बीच संबंध टूट गया है। सरकार के मुताबिक 100 बिलियन डॉलर के गबन के आरोप में 201 लोगों को कस्टडी में लिया गया है। सऊदी के आलोचकों और विशेषज्ञों ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के इस कदम को रिस्की बताया है।वहीं कुछ लोग सलमान के इस कदम को सऊदी अरब में आर्थिक राष्ट्रवाद के उदय की शुरुआत बता रहे हैं। 32 वर्षीय क्राउन प्रिंस, विज़न 2030 को ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं. इसमें वे सऊदी अरब की तेल राजस्व पर पूरी तरह निर्भरता को खत्म कर राजस्व के नए विकल्पों पर भी विचार कर रहे हैं।

राजनीति में छाए राम और कृष्ण, योगी से पहले अखिलेश लगवाएंगे कृष्ण प्रतिमा

लखनऊ 12 नवम्बर (ए)। वैसे तो यूपी की सत्ता पर काबिज बीजेपी आए दिन धर्म के नाम पर राजनीति करने के आरोप में विपक्ष के निशाने पर रहती ही है, लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी भी धर्म के नाम पर कीर्तिमान रचने की तैयारी में है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में सरयू नदी के तट पर 100 फीट ऊंची भगवान राम की प्रतिमा लगवाने का एलान किया है, तो वहीं समाजवादी पार्टी भी सैफई में अपने स्कूल में 51 फीट ऊंची और 60 टन वजनी भगवान कृष्ण की मूर्ति लगवाने जा रही है।

6 करोड़ 32 लाख की लागत से बनकर तैयार : बता दें भगवान श्री कृष्ण की यह भव्य मूर्ति 6 करोड़ 32 लाख के बजट से लगभग बनकर तैयार हो चुकी है। दावा है कि यह देश में कृष्ण की सबसे बड़ी मूर्ति होगी। गुपचुप तरीके से इसे पिछले 6 महीने से बनाया जा रहा है।

रथ-पाणी मुद्रा में दिखेंगे भगवान कृष्ण : जानकारी के मुताबिक इस मूर्ति में भगवान कृष्ण की रथ-पाणी मुद्रा को दिखाया गया है। जिसमें भीष्म पितामाह पर क्रोधित होकर कृष्ण शस्त्र न उठाने की अपनी प्रतिज्ञा भी तोड़ देते हैं। मूर्ति के आसपास के कुरुक्षेत्र का रूप दिया जाएगा।

15 जनवरी को हो सकता है इनॉगरेशन : मूर्ति को बनाने में 35 टन तांबा और 25 टन स्टील का स्टील का इस्तेमाल किया गया है। इसके लिए स्टील जापान से मंगवाया गया। कृष्ण के हाथ में जो चक्र है, उसका वजन करीब 7 टन का है। इस मूर्ति को पूरी तरह से ढंककर रखा गया है, क्योंकि इसका प्लेटफार्म तैयार होने में अभी 4 महीने लगेंगे। वहीं इंजीनियर्स का कहना है कि मूर्ति की स्थापना 15 जनवरी को हो जाएगी, लेकिन इसका इनॉगरेशन स्कूल खुलने के बाद ही किया जाएगा।

यूएस के आर्टिस्ट ने बनाई मूर्ति : बता दें मूर्ति को बनाने के लिए अमेरिका से आर्टिस्ट को बुलाया गया है, जिसमें प्राची प्रताप, प्रशांत प्रताप और एडवर्ट ब्रथेट शामिल हैं। इन्हीं तीनों मूर्तिकारों ने जनेश्वर मिश्र पार्क में मौजूद जनेश्वर की मूर्ति को बनाया था। 2012 से ये सभी समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस समय यादव एक बहुसंख्यक समाज है।

हॉट योग गुरू फिर सुर्खियों में, दिवालिया घोषित करने की डाल रहा मिन्नतें

वॉशिंगटन 12 नवम्बर (ए)। दुनिया भर में हॉट योग गुरू के नाम से मशहूर होने वाले बिक्रम चौधरी फिर सुर्खियों में हैं। हॉट योगा चेन चलाने वाले बिक्रम ने अमरीकी कोर्ट से उन्हें दिवालिया घोषित करने की गुजारिश की है। इस बारे में योग गुरु का कहना है कि उसके पास पीड़ितों को चुकाने के लिए रकम नहीं है इसलिए उसे दिवालिया घोषित किया जाए।

गौरतलब है कि एक यौन शोषण मामले में योग गुरु बिक्रम की सारी प्रॉपर्टी छिन गई है। बिक्रम योगा स्टूडियोज की 700 से ज्यादा फ्रेंचाइजी के मालिक थे। उनकी कुल संपत्ति करीब 500 करोड़ रुपए की थी, जिसका मालिकाना हक केस हारने के बाद अब उनकी वकील के पास चला गया है। भारतीय अमरीकी बिक्रम चौधरी बिक्रम योग के संस्थापक हैं। 220 देशों में उनके खोले 720 योग स्कूल हैं, जहां बिक्रम योग सिखाया जाता है। दर्जनों स्कूल सिर्फ ब्रिटेन में मौजूद हैं। उनके फॉलोअर्स में मैडोना, डेमी मूर, बिल क्लिंटन की बेटी चेल्सी क्लिंटन और जॉर्ज क्लूनी जैसे कई हॉलीवुड, खेल और पॉलिटिक्स की दुनिया के हाई प्रोफाइल सेलिब्रिटीज शामिल रहे। बिक्रम पर अक्सर यौन शोषण के आरोप लगते रहे। 2013 तक उनकी वकील मीनाक्षी समेत 6 महिलाओं ने उन पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। वकील मीनाक्षी ने 2015 में बिक्रम के खिलाफ अमरीकी कोर्ट में शिकायत दर्ज करवाई थी। केस की सुनवाई जनवरी 2016 में पूरी हुई और कोर्ट ने बिक्रम की पूरी प्रॉपर्टी मीनाक्षी के नाम करने का ऑर्डर दिया था। उनकी एक्स-वाइफ राजश्री भी फेमस योगा टीचर हैं, जिन्होंने बिक्रम पर लगे रेप के आरोप से परेशान होकर उन्हें तलाक दे दिया। 32 साल की शादी के बाद राजश्री चौधरी ने दिसंबर 2015 में बिक्रम चौधरी के खिलाफ तलाक का केस फाइल किया था। उन्होंने बिक्रम की 500 करोड़ की प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा भी मांगा था। बिक्रम के पास 700 से ज्यादा योगा स्कूल के साथ ही बेवरली हिल्स, लॉस एंजिलिस और होनोलुलू में प्रॉपर्टीज थीं।

इसके साथ ही उनके पास 43 लग्जरी गाड़ियों का आलीशान बेड़ा भी था, जो केस हारने के बाद कोर्ट ने उनकी वकील के नाम कर दिया। बिक्रम चौधरी अपने फॉलोअर्स को 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में योग सिखाते हैं। इसे वह हॉट योग का नाम देते हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, बिक्रम एक ट्रेनिंग सेशन का 10 हजार डॉलर लेते रहे हैं। 20 हजार डॉलर पर्सनल ट्रेनिंग फीस है।